दैनिक भास्कर बुरहानपुर 14-01-2026

युवा दिवस पर नेपा मिल में हुआ कार्यक्रम, स्वामी विवेकानंद के जीवन और संदेश की दी जानकारी

# 1893 में शिकागो में दिया स्वामी विवेकानंद का संबोधन आज भी देता है वैश्विक संदेश : नाइक

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

स्वामी विवेकानंद केवल भारत के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। वर्ष 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक संबोधन आज भी मानवता, सहिष्णुता और एकता का वैश्विक संदेश देता है। विवेकानंद के विचार युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रनिर्माण की चेतना जागृत करते हैं, जो वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

यह बात सोमवार को युवा दिवस पर नेपा मिल के प्रशासनिक भवन में हुए समारोह में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कही। उन्होंने उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और ऊर्जा को संगठन तथा राष्ट्र के विकास में समर्पित करें। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने का अवसर है। उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जन संवर्धन योजना के तहत युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रशिक्षण, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता, स्वास्थ्य, जीवन कौशल जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिससे युवा आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस दौरान उप महाप्रबंधक वाणिज्य व कार्य सुरेंद्र मेहता, उप प्रबंधक वाणिज्य सुनील कुमार कुलथे, उप प्रबंधक सतर्कता विजयेंद्र चौधरी, राजेंद्र चौधरी, आशुतोष मिश्रा, सुरेश प्रसाद रघुवंशी, देवेंद्र कुमार पांडेय, रमेश तायड़े, दीपक सिंह ठाकुर, युवराज मोदी, सुनील कुमार राव, देवीदास लोखंडे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने की भागीदारी

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित राष्ट्रीय युवा दिवस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग की सपना दुबे, कार्मिक, प्रशासन विभाग के रजत श्रीवास्तव, विधि विभाग की काजोल बुगीवाला, वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें सम्मानित किया गया।

NEPANAGAR

## Nepa Ltd observes National Youth Day

Nepa Limited organised National Youth Day with a series of programmes at its administrative building. The programme was chaired by Director Pradeep Kumar Naik, who highlighted Swami Vivekananda's message of discipline and national unity. A quiz competition on his life and ideals was organised. Chief General Manager Ram Alagesan urged youth to work with fearlessness and dedication inspired by Vivekanand.

THE FREE PRESS JOURNAL
Wed, 14 January 2026
https://epaper.freepressjou

# स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने व राष्ट्र चेतना जगाने का कार्य किया

## नेपा लिमिटेड में युवा दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

● नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को नेपा लिमिटेड में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वर्ष 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक संबोधन आज भी मानवता, सहिष्णुता और एकता का वैश्विक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचार युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रनिर्माण की चेतना जागृत करते हैं, जो वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से अपने ज्ञान, कौशल और ऊर्जा को संगठन एवं राष्ट्र के विकास में समर्पित करने का आह्वान किया। उपप्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के



मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनसंवर्धन योजना के अंतर्गत युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रशिक्षण, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता, स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित राष्ट्रीय युवा दिवस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग की सपना दुबे, कार्मिक एवं प्रशासन विभाग के रजत श्रीवास्तव, विधि विभाग की काजोल बुगीवाला तथा वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए।

### मुख्य महाप्रबंधक एवं प्रबंधक राम अलागेसन के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ आयोजित

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अलागेसन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए संकल्प, साधना और सेवा का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से निर्भीक होकर आगे बढ़ने, अनुशासन अपनाने और संगठन को कर्मभूमि मानकर पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को शक्ति, साहस और आत्मअनुशासन का मंत्र दिया है। उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा को केवल नियम नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का दायित्व मानकर अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र केसरी, नेपा मिल श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा दिवस पर संवाद व प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान




नेपानगर. राष्ट्रीय युवा दिवस पर सोमवार को नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल भारत के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। वर्ष 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक संबोधन आज भी मानवता, सहिष्णुता और एकता का वैश्विक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचार युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रनिर्माण की चेतना जागृत करते हैं, जो वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने का अवसर है। उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जन संवर्धन योजना के अंतर्गत युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रशिक्षण, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, वित्तीय साक्षरताए डिजिटल जागरूकताए स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैए जिससे युवा आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।